**खबर संक्षेप**

## राज्यसभा सांसद को क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया

**सिलौंडी।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार से मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया । मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने सिलौंडी क्षेत्र में सी एम राइस स्कूल खोलने , सिलौंडी क्षेत्र में रेस्ट भवन बनाने ,आधार कार्ड पंजीयन केंद्र खोलने,आई टी आई प्रशिक्षण केंद्र खोलने और नेगाई की सरकारी भूमि में औद्योगिक इकाई खोलने की माग की है । जल्द से जल्द मूंग उड़द पंजीयन शुरू करने ,मां वीरासन देवी मंदिर का सौंद्रीकरण कराने की मांग का पत्र सौंपा है। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने बताया सिलौंडी क्षेत्र से बड़ी संख्या में बाहर काम करने बेरोजगार लोग जाते है जबकि ग्राम पंचायत नेगाई में लगभग 200 एकड़ शासकीय भूमि है जिसमे औद्योगिक इकाइयां खुल सकती है जिससे क्षेत्र में क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ सकते है।

## नशे में वाहन चलाने पर तीन चालकों पर 30500 रूपए जुर्माना

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध रात्रि 10 बजे से 12 बजे तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है एवं उक्त विशेष अभियान के तहत ट्रक क्रमांक CG 04 M 8408 चालक राहुल ठाकुर ई रिक्शा क्रमांक MP 21 JD 6218 चालक जगदीश चौधरी कार क्रमांक MP 21 CB 0932 चालक घनश्याम दास फेरवानी के विरुद्ध शराब पीकर वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर थाना यातायात में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय पेश की कार्यवाही की गई थी जिसे उक्त प्रकरण के निकल हेतु बुधवार को प्रकरण न्यायालय पेश किया गया था जिस पर न्यायालय द्वारा क्रमशः ट्रक चालक के विरुद्ध 10,000 रुपए ई रिक्शा चालक के विरुद्ध 10,500 रुपए एवं कार चालक के विरुद्ध 10,000 रुपए तीनों वाहन चालकों के विरुद्ध कुल- 30,500 रुपए के अर्थ दण्ड से दंडित कर संबंधित वाहन मालिक को वाहन सुपुर्दनामे में दिए जाने हेतु आदेशित किया गया। न्यायालय के आदेश संबंधित वाहन चालक को वाहन सुपुर्द किया गए।

## चाकू दिखाकर दुकानदार से 10 हजार रूपए लूट लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी


सब्जी मंडी स्थित एक दुकान में अज्ञात नकाबपोशों ने चाकू की नोक पर पैसे लूट लिये। घटना के बाद कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार दीपक मोटवानी की लिखित शिकायत के आधार पर तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरूध्द कोतवाली पुलिस ने धारा 232, 296, 351(3), 309(4), 61(2), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध किया है। शिकायत में दीपक मोटवानी ने बताया कि सब्जी मंडी में गोपाल गिष्ट के नाम दुकान है। 12 जून 25 को लगभग शाम 05.30 बजे 3 लडके, मेरी दुकान आये जिसमे एक लडके का चेहरा खुला था। जिसने पीले रंग की टी-शर्ट एंव काला लोवर पहना था। बाकी दो लडके जिनमें से एक लड़के ने काली टीशर्ट एव हाफ चड्डा पहना था तथा दूसरे ने सफेद रंग की हाफ शर्ट तथा काला लोवर पहना था। दोनो नकाब पहने थे। तीनो लडके हाथ मे चाकू लिये थे। चाकू दिखा कर मेरे पिताजी को डराने लगे ओर बोले 10000/- रूपये दे। जब दुकान का कर्मचारी विरोध करने लगा तो उनमे से एक लडका चाकू मारने के लिये दौडा ओर बोला पैसा तो देना ही पड़ेगा नहीं तो जान से खत्म कर देंगे। फिर तीनो लडके मेरे पिता को दुकान के सामने बनी गोदाम में ले गये ओर चाकू अड़ाकर 10000 रूपये लूट लिए। उक्त घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरो मे कैद है।

**इलाज के दौरान दम तोड़ा,पैर में लगी थी गंभीर चोट, आरोपी फरार**

# विराट नगर में घर के बाहर खेल रही मासूम को कार ने कुचला

सतना

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में विराटनगर इलाके में शनिवार को एक तेज रफ्तार वाहन ने घर के बाहर खेल रही 9 साल की मासूम को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची की मौत हो गई,जबकि ड्राइवर गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। बच्ची को पैर में ज्यादा चोटें आई थी।







परिजन उसे घायल अवस्था में एक निजी नर्सिंग होम लेकर पहुंचें जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान लक्ष्मी कुशवाहा के रूप में हुई है।

### पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही

सिविल लाइन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन और चालक की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि फुटेज और चश्मदीदों के आधार पर आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# बिरसिंहपुर में मारपीट के मुख्य आरोपी समेत 7 गिरफ्तार

**एक फरार, कोरेक्स सीरप बिक्री को लेकर था विवाद**



**सतना।** सभापुर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर में हायर सेकंडरी चौराहे पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अमीन 19 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। वार्ड-5 सभापुर निवासी अमीन को शुक्रवार सुबह पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में अब तक सात आरोपी जेल जा चुके हैं,जबकि एक अभी फरार है। घटना के बाद बिरसिंहपुर में कई दिनों तक भारी पुलिस बल तैनात रहा। पूरा विवाद कोरेक्स सीरप की अवैध बिक्री को लेकर शुरू हुआ। शिवांक तिवारी 18 वर्ष और युवकों के बीच इस मुद्दे पर लगातार तनाव था। कुछ महीने पहले तिवारी परिवार के युवकों ने एक युवक का कोरेक्स बेचते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। इसके बाद 18 अप्रैल और 14 मई को शिवांक और उसके साथियों ने एक युवक से मारपीट की थी। इसके बाद शनिवार सुबह जब शिवांक हनुमान मंदिर के पास अकेला मिला,तो उस पर हमला किया गया। इस घटना के बाद दोनों पक्षों में पथराव हुआ और कुछ बाइकों में तोड़फोड़ की गई।

## आयल मिल में घुसकर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने ऑयल मिल में चोरी करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया न्यायालय में पेश किया गया जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक फरियादी उत्तम कुमार जानवानी पिता उधाराम जानवानी उम्र 54 वर्ष निवासी भरहुत नगर वार्ड क्रमांक 6 थाना सिटी कोतवाली सतना ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी भैंसाखाना नवदुर्गा चौक में आयल मील है। मुनीम द्वारिका प्रसाद गुप्ता द्वारा फोन से बताया गया कि आयल मील के पिछले हिस्से की दीवाल तोडकर दराज व आलमारी से चोर द्वारा पैसे चोरी कर लिया गया तथा कम्प्यूटर का सीपीयू चोरी कर लिया गया है। आयल मिल में लगे कैमरे से चोरी करने वाले आरोपी की पहचान अरुण वंशकार पिता रामदास वंशकार के रूप में की गई। जिसकी पता तलाश लगातार की जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना में कई अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी का जिला बदर भी पेश किया जा चुका है।

# युवा संगम मेला 18 जून को शासकीय आईटीआई सतना में

**सतना।** जिला प्रशासन,शासकीय आईटीआई सतना एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से सतना जिले में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सतना जिले के शासकीय आईटीआई कॉलेज परिसर में 18 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में चैतन्य फायनेंस, संजीव मोटर्स आमधने प्राइवेट लिमिटेड,धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड,प्राकृतशील एग्रोटेक, इंनफिनिटी कैरियर सोल्यूशन,देवा इंटरप्राइजेज मदरशन सूमि,गोकलदास एक्सपोर्टस लिमिटेड, एस आई एस सिक्योरिटी सर्विस,एसजी सेवा संस्थान,लावा मोबाइल,शैडोफॉक्स लोजीस्टीक्स सोल्यूशन, रवीवा वर्क फोर्स प्राइवेट लिमिटेड तथा एलटी कन्स्ट्रक्शन पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं आईटीआई,डिप्लोमा,ग्रेजुएशन उत्तीर्ण तथा आयु 18 से 35 वर्ष के बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# सरभंग मुनि आश्रम में भगवान की लीलाओं के श्रवण और भंडारे के साथ हुआ कथा का समापन

सतना।



चित्रकूट की पवित्र सरभंगा तपोभूमि में विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा भव्य भंडारे के साथ सपन्न हुई। इस संगीतमय कथा ने भक्ति,पर्यावरण प्रेम और सरभंगा को टाइगर रिजर्व बनाने की मुहिम को एक अनूठा मंच प्रदान किया।भगवान श्रीराम और सरभंग मुनि की इस तपो भूमि पर हजारों भक्तों ने भक्ति के रस में गोता लगाया,वहीं महापौर योगेश ताम्रकार सहित जन-समुदाय ने इस पर्यावरणीय आंदोलन को जोरदार समर्थन दिया।भक्ति और प्रकृति का रसमय संगम कथा वाचक आचार्य डॉ.विपिन कृष्ण महाराज ने सात दिनों तक भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम की लीलाओं से सराबोर किया। ध्रुव चरित्र, प्रहलाद, गजेंद्र मोक्ष, अजमिल प्रसंग,राम जन्म, कृष्ण जन्मोत्सव, माखन चोरी,कालिया नाग मदन और गोवर्धन पूजा की कथाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आचार्य ने गोवर्धन पूजा को हरियाली का प्रतीक बताते हुए कहा प्रकृति की रक्षा ही सच्ची भक्ति है। सरभंग मुनि की तपोभूमि पर यह कथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। भक्ति भजनों और मंत्रोच्चार से गूंजता कथा स्थल भक्तों के लिए आध्यात्मिक और पर्यावरणीय जागरूकता का अनूठा संगम बन गया।

### टाइगर रिजर्व की मुहिम को जन-आंदोलन का रूप

आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान ने इस आयोजन को न केवल आध्यात्मिक उत्सव बनाया,बल्कि सरभंगा को टाइगर रिजर्व घोषित करने की मांग को जन-आंदोलन का रूप दिया।

# जिला पंचायत सीईओ ने किया पैड बैंक का शुभारंभ



**सतना।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत वार्षिक कार्य योजना के प्रावधान अनुसार एवं कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में सतना जिले में जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में संचालित सशक्त वाहिनी अभियान की निःशुल्क कक्षा में अध्ययन करने वाली बेटियों के लिए पैड बैंक स्थापित किया गया है। जिसका शुभारंभ शनिवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संजना जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन द्वारा बेटियों को माहवारी स्वच्छता तथा पोषण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा बेटियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए उन्हें शिक्षा के साथ खेलकूद में भी आगे रहने की सलाह दी गई। साथ ही इस कार्य को ग्रामीण क्षेत्रों में भी विस्तार देने के लिए निर्देश दिये। पैड बैंक से प्रत्येक बालिका को प्रतिमाह निःशुल्क सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। पैड बैंक स्थापना का मुख्य उद्देश्य माहवारी स्वच्छता तथा पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना है और बेटियों को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी,प्रश्रय वेलफेयर समिति की विपाशा तिवारी,यचिता शुक्ला सहित 100 बालिकाओं द्वारा भागीदारी की गई।

# भूमि नहीं देंगे, अधिग्रहण नीति के खिलाफ भूस्वामियों के साथ खड़ी हुई कांग्रेस

### कलेक्टर को सौंपा गया विरोध-पत्र आंदोलन की चेतावनी

**मैहर।** मैहर विकासखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में केजेएस सीमेंट कंपनी द्वारा प्रस्तावित रेलवे कॉरिडोर के लिए किसानों व आदिवासी भूस्वामियों की जमीन अधिग्रहीत की जा रही है। इस अन्यायपूर्ण अधिग्रहण के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने आज एक विरोधात्मक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में अधिग्रहण प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने,पारदर्शिता की जांच कराने तथा न्यायोचित मुआवजा और पुनर्वास सुनिश्चित करने की मांग की गई। प्रभात द्विवेदी ने कहा कि भूमि हमारी मां है। किसान उससे केवल अन्न नहीं,आत्मसम्मान भी उपजाता है। जबरन अधिग्रहण किसानों के जीवन पर कुठाराघात है। कांग्रेस पार्टी हर खेत हर खलिहान की आवाज बनेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिग्रहण प्रक्रिया में न ग्राम सभा की स्वीकृति ली गई,न भूमि स्वामियों की राय। 2013 के भूमि अधिग्रहण पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम के उल्लंघन की श्रेणी मे आता है यह पूरा मामला स्थानीय किसानों को बेदखल करने का षड्यंत्र प्रतीत होता है। कई ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें न तो कोई उचित मुआवजा मिला है,न पुनर्वास योजना की कोई जानकारी दी गई है। गांवों में सांस्कृतिक स्थल धार्मिक धरोहरें और पूर्वजों की चबूतरे भी रेलवे कॉरिडोर के रास्ते में आ रहे हैं। ब्लॉक कांग्रेस ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि किसानों की आवाज नहीं सुनी गई तो पार्टी लोकतांत्रिक दायरे में जनांदोलन का मार्ग अपनाएगी।इस अवसर पर कई स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता समाजसेवी,ग्राम प्रमुख व प्रभावित किसान भी कलेक्ट्रेट कार्यालय में मौजूद रहे। कांग्रेस पार्टी ने यह भी घोषणा की कि यदि आवश्यकता पड़ी,तो जनसुनवाई,पदयात्रा और महापंचायत जैसे जनजागरण अभियान चलाए जाएंगे। अधिकार की रक्षा,संघर्ष की अभिव्यक्ति है। कांग्रेस पार्टी हर किसान,हर जमीन के पहरेदार की भूमिका निभाएगी।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत

### जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन आज से 30 जून तक

**सतना।** जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 15 जून से 30 जून 2025 तक जिले के चिन्हित जनजातीय ग्रामों में धरती आबा जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जायेगा। अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक कमलेश्वर सिंह ने बताया कि अभियान में शिविरों के माध्यम से आधार कार्ड,आयुष्मान भारत कार्ड,जाति प्रमाणपत्र,पीएम किसान,जनधन खाता,के वितरण के साथ ही शिविर के माध्यम से सिकल सेल रोग और उसके परीक्षण के बारे में आमजनता को जागरूक किया गया। इस अभियान में व्यक्तिगत लाभ वितरण के लिए शेष पीवीटीजी बस्तियों एवं जनजातीय गांव का चिन्हांकन करना,15 से 30 जून तक ग्राम/कलस्टर स्तर पर अवेयरनेस एण्ड बेनीफिट सेचुरेशन कैम्प का आयोजन किया जायेगा। स्वास्थ्य,खाद्य, पंचायती राज,ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, कृषि और राजस्व आदि विभागों के बीच अभिसरण सुनिश्चित करना,आधार कार्ड ई-केवायसी और दस्तावेजी करण संबंधी सेवाओं के लिए एनजीओ,सीएससी या इसी तरह के संगठनों में शामिल करना तथा जिलेवार सूक्ष्म योजनायें/शिविर कैलेडर और निगरानी ढांचा तैयार करना तथा योजना अंतर्गत लाभार्थियों की समय पर रिपोर्टिंग शिविरों के माध्यम से सुनिश्चित की जायेगी।

# ऑटो में छूट गया लाखों के जेवरात वाला बैग, पुलिस की तत्परता से वापस मिला

**हरिभूमि न्यूजः कटनी।** साउथ स्टेशन से बस स्टैण्ड तक आटो से एक महिला अपने पति के साथ पहुंची। आटो से उतरने के बाद उसे पता चला कि उसका एक बैग आटो में छूट गया है जिसमें लाखों रूपए के जेवरात रखे थे। महिला तत्काल बस स्टैण्ड चौकी पहुंची और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने सक्रियता दिखाई और करीब एक घंटे के अंदर आटो का पता लगाकर जेवरातों वाला बैग बरामद कर महिला को वापस लौटाया। महिला को उसके गुम हुए जेवरात वापस सौंपे तो महिला की खुशी से आंखें भर आई। बस स्टैंड चौकी प्रभारी योगेश मिश्रा ने बताया कि 13 जून को ललित मोहन दाहिया निवासी जिला उमरिया अपनी पत्नी गीतिका दाहिया के साथ उमरिया नागपुर ट्रेन से सुबह कटनी साउथ स्टेशन उतरे। अपने घर उमरिया जाने के लिए कटनी साउथ स्टेशन से आटो बुक कर न्यू बस स्टेण्ड आए जहां हडबडी में एक हेन्ड बैग जिसमें सोने का एक हार, एक जोड सोने की झुमकी, एक सोने की अंगूठी, एक सोने का मंगलसूत्र रखा था आटो में ही छूट गया। आटो सवारी छोडकर वापस स्टेशन की तरफ लौट गया। जब उसकी पत्नी गीतिका दाहिया को जानकारी हुई की उसके पास सोने के जेवर वाला बैग नहीं है तब वह बदहवाश होकर चौकी बस स्टेण्ड रिपोर्ट करने आई।चौकी में मौजूद आर. अनमोल सिंह ने महिला की रिपोर्ट सुनकर चौकी प्रभारी उ. नि. योगेश मिश्रा को घटना की जानकारी दी और तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुए कन्ट्रोल रूम स्थित सी.सी.टी.व्ही. कैमरों की तत्परता से जांच कर उक्त आटो का पता लगा लिया। ऑटो कटनी साउथ स्टेशन में सवारी के इंतजार में खडा पाया गया। जहां अनमोल सिंह ने उक्त आटो के चालक को घटना से अवगत कराते हुए बैग के संबंध में पूछताछ की। बैग आटो में ही पीछे रखा पाया गया। उक्त आटो चालक को चौकी बस स्टेण्ड लाकर ललित दाहिया के सामने बैग को चैक किया गया। बैग में रखे सम्पूर्ण सोने के जेवर सुरक्षित पाए गए।

# सर्प-दंश से जन-सामान्य के बचाव के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी

सतना।

मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सर्पदंश के मामलों को गंभीरता से लेते हुए इसे स्थानीय आपदा घोषित किया है। पिछले वर्ष सर्प-दंश से 2,500 से अधिक मौत हुई थी जिससे व्यापक जनहानि हुई थी। बारिश के मौसम में बढ़ने वाली इन घटनाओं की रोकथाम के लिए एक बहुआयामी रणनीति तैयार की है,जिसमें जनजागरूकता,आपातकालीन सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और निवारण संबंधी उपाय शामिल किए गए हैं।

### जनजागरूकता और प्रशिक्षण पर विशेष जोर

इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया,रेडियो,होर्डिंग्स और प्रिंट मीडिया के जरिए सर्पदंश से बचाव और प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रसारित की जाएगी। स्कूलों और कॉलेजों में विशेष सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों को इस खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित किया जाएगा।

### आपातकालीन सेवाओं को मजबूत बनाने की पहल

प्रत्येक जिले में प्रशिक्षित सर्प मित्र और स्नेक-कैचर्स की तैनाती की जाएगी,जिनके हेल्पलाइन नंबर जनता को उपलब्ध कराए जाएंगे।सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी-वेनम (विषनाशक दवा) का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाएगा। पीड़ितों को निकटतम चिकित्सा केन्द्र तक पहुँचाने की व्यवस्था को और सुचारू बनाया जाएगा,ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके।

### निवारक उपायों पर सामुदायिक भागीदारी

जनजागरूकता गतिविधि में ग्रामीणों को खेतों और जंगलों में काम करते समय मोटे जूते और दस्ताने पहनने की सलाह दी जाएगी। घरों के आसपास सफाई रखने,झाड़ियों को काटने और कूड़े के उचित निपटान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पशुपालकों को पशुशालाओं के आसपास बाड़ लगाने और पर्याप्त रोशनी का प्रबंध करने की सलाह दी गई है। पर्यटन स्थलों पर सर्प अधिकता क्षेत्रों को चिन्हित करने और चेतावनी बोर्ड लगाने का भी प्रावधान किया गया है।

### बजट आवंटन और जनता से अपील

राज्य सरकार ने इस अभियान के लिए प्रत्येक जिले को 23.17 लाख रुपये आवंटित किए हैं। बजट का उपयोग प्रशिक्षण,मॉक ड्रिल और जनजागरूकता कार्यक्रमों में किया जाएगा। जनता से अपील की गई है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या देसी उपचार की बजाय तुरंत निकटतम अस्पताल पहुँचें, क्योंकि पहला एक घंटा गोल्डन आवर यानि जीवनरक्षक होता है। साथ ही,सांपों को मारने या परेशान करने के बजाय उन्हें दूर भगाने के उपाय करने पर जोर दिया गया है। इस व्यापक अभियान से उम्मीद की जा रही है कि राज्य में सर्पदंश से होने वाली मौतों में उल्लेखनीय कमी आएगी।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने जिला अस्पताल के सामने यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के दिए निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा के साथ भ्रमण कर जिला चिकित्सालय परिसर के सामने आवागमन व्यवस्था को सुगम बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। यहां जनभागीदारी से निर्मित 21 दुकानों का भी निरीक्षण किया गया और फल-सब्जी दुकानदारों को निर्धारित सीमा के भीतर सामग्री रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर समक्ष में रेलिंग भी लगवाई गई। जिला कलेक्टर ने बताया कि अस्पताल परिसर के निकट यातायात व्यवस्था सुगम होने से मरीज एवं परिजनों को सहूलियत होने के साथ ही अन्य आगंतुकों को भी सुविधा होगी। यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए पार्किंग स्थल का चिन्हांकन भी किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संजय नागवंशी, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली रोहित मिश्रा भी उपस्थित रहे।

### ट्रक ड्राइवर ने हिनौती पेट्रोल पंप के पास अज्ञात कारणों के चलते जहर खाया

**अमानगंज।** पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम हिनौती स्थित दुबे पेट्रोल पंप के पास छतरपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 22 एच 3117 के चालक ने ट्रक खड़ा किया और सल्फास नामक जहर खा लिया। इसके बाद मौके पर उपस्थित लोगों ने जब देखा कि उसकी हालत गंभीर है तो उक्त चालक को




अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु पहुंचाया गया। जहां से उसका प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जिला चिकित्सालय पन्ना में इलाज के दौरान ट्रक चालक रजनीश पिता जगदीश यादव उम्र 30वर्ष निवासी ग्राम लमेरा थाना बुड़ेरा जिला टीकमगढ़ की दर्दनाक मौत हो गई।

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की द्वितीय परीक्षा 17 जून से

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आगामी 17 जून से 5 जुलाई तक आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 2025 के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा धारा 163 तत्काल प्रभाव से प्रभावशील करने का आदेश जारी किया है, जिसके तहत जिले के समस्त 11 परीक्षा केन्द्रों पर 200 मीटर की परिधि में संबंधित विद्यार्थी, स्कूल स्टॉफ, सुपरवाईजर, निरीक्षण दल, स्कूल एवं परीक्षा में संबंधित सामग्री लाने वाला व्यक्ति तथा परीक्षा से संबंध रखने वाले व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्धारित अवधि के दौरान किसी भी किस्म के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक रहेगी। साथ ही किसी भी किस्म के हथियारों को लेकर चलने अथवा प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध रहेगा। प्रतिबंधित क्षेत्र में परीक्षा केन्द्र के आसपास पांच अथवा अधिक लोगों की अनाधिकृत मौजूदगी नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मण्डल की परीक्षाओं के शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संचालन तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उक्तादेश जारी किया गया है। आदेश के उल्लघंन पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# रिहायसी इलाके में घुसा तेंदुआ, क्षेत्र में दहशत का माहौल



## पवई वन परिक्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल

## 12 घंटे से अधिक का समय बीतने के बाद भी तेंदुआ कुँए से नहीं निकला बाहर

अमानगंज

वन्य प्राणियों की रक्षा और उनके भरण पोषण के लिए पन्ना टाइगर रिजर्व की टीम लगातार तमाम तरह के प्रयास करती है, तो कई बार गर्मियों के सीजन में करोड़ों रुपए की राशि से छोटे-छोटे तालाब जंगल के बीच निर्मित करवाए जाते हैं, ताकि जंगल में रहने वाले वन्यजीवों को बाहर निकलकर पानी पीने नहीं जाना पड़े। मगर पवई वन परिक्षेत्र में निर्माण के नाम पर हो रही खानापूर्ति से वन्यजीव परेशान है, तो वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतीश पटेल किताब लिखने में मदमस्त है, वही बूंद बूंद पानी के लिए वन्य जीव परेशान होकर रिहाईसी इलाकों का रुख कर रहे हैं, ताजा मामला वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले अमानगंज तहसील के ग्राम पगरा इटोरी के बीच निकलकर आया है, जहां इटोरी ग्राम और पगरा ग्राम के बीच एक कुँए में पानी की आस में एक तेंदुआ कुएं में गिर गया ग्रामीणों ने जैसे ही तेंदुए को देखा तो क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। घटना की जानकारी पवई वन परिक्षेत्र अधिकारी नितेश पटेल को दी गई और पवई की वन विभाग टीम मौका स्थल पर पहुंची और लगभग 12 घंटे बीत जाने के बाद भी रेस्क्यू टीम तेंदुए के बाहर निकलने का इंतजार कर रही है पहुंचने के बाद वन विभाग के कार्यों की पोल खुलने लगी है, कि वन विभाग अपने जानवरों को लेकर कितना सजग है। इस घटना के बाद क्षेत्र में नाना प्रकार की चर्चाएं भी हो रही है कि यदि तेंदुआ किसी इंसान को अपना शिकार बना लेता तो आगे क्या होता?

## भीड़भाड़ वाली जगह में जेब से चोरी

# पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

थाना अजयगढ में दिनांक 13.06.25 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट किया कि मै क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अजयगढ से 41 हजार रुपये निकालकर अपने बैग मे रखकर मेन रोड पर आया तो मेरे बगल से एक मोटर साईकिल चालक आया और उसके पीछे दूसरी मोटरसाईकिल पर 02 लडके आये और मेरा बैग झपटकर लेकर भाग गए साथ ही इन्ही तीन लडको द्वारा एक अन्य फरियादी की जेब से भीड़भाड़ होने से 7200/- रु निकालकर चोरी की गई एंव कुंवरपुर निवासी एक अन्य फरियादी के बैग को भी झपटकर ले गये है जिसके बैग मे 42 हजार रुपये नगद रखे थे। फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना अजयगढ मे अपराध पंजीबध्द किया जाकर थाना प्रभारी अजयगढ द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियो को दी गई। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा थोटा द्वारा तत्काल आरोपियों की पतारसी कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। जिसपर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं



एसडीओपी अजयगढ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना अजयगढ स्तर पर थाना प्रभारी अजयगढ के नेतृत्व मे टीम का गठन किया गया जो टीम द्वारा उक्त आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु कस्बा अजयगढ मे संचालित वित्तीय संस्थानो, दुकानों के आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए एंव मानवीय आधार पर जानकारी एकत्रित की गई साथ ही थाना क्षेत्र मे विश्वस्त मुखबिर मामूर किये गये। जिस पर आरोपियों के बडी फील्ड अजयगढ मे देखे जाने की सूचना प्राप्त हुई मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिस देकर 03 संदिग्धों को अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूंछताछ किए जाने आरोपियों द्वारा उक्त तीनों घटनाएं किया जाना स्वीकार करते हुए बताया कि हम लोग बैंकों के बाहर रेकी करके अंदर बाहर जाने वाले व्यक्तिओं पर नजर रखते है जैसे कोई व्यक्ति अकेले पैसों से भरा बैग लेकर निकलता है तो उसका पीछा कर सुनसान इलाके में बैग छीन लेते है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 50 हजार रुपये नगद एंव घटना मे प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल जप्त कर 01 विधि विरुध्द बालक को अभिरक्षा में लेकर 02 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया है।

### गिरफ्तार आरोपी

01.निगम आदिवासी पिता भारत आदिवासी उम्र 30 साल निवासी ग्राम पठादा थाना ईशानगर जिला छतरपुर म.प्र. 02.नत्थू आदिवासी पिता जालिम सिंह आदिवासी उम्र 32 साल निवासी टीबी टाबर के पास गणेश कालौनी वार्ड नं. 36 सिविल लाईन छतरपुर एंव 01 विधि विरुध्द बालक

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक बखत सिंह एवं थाना स्टाफ व सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त टीम की प्रशंसा करते हुए 10 हजार रूपये के नगद इनाम से पुरुष्कृत करने की घोषणा की गई।

# आकाशीय बिजली गिरने से बाबूलाल रजक की मौत

## बारिश से बचने आम के पेड़ के नीचे खड़े हुए थे, मसान बाबा के पास हुआ हादसा

**देवेंद्रनगर।** भीषण गर्मी से राहत देने वाली मानसून की पहली बारिश देवेंद्रनगर क्षेत्र में जहां लोगों के लिए सुकून लेकर आई, वहीं एक परिवार के लिए यह दिन जिंदगी भर का दुख छोड़ गया। वार्ड क्रमांक 7 देवेंद्रनगर निवासी बाबूलाल रजक पिता विशेषर रजक (उम्र 60 वर्ष) की मसान बाबा के पास खेत में आकाशीय बिजली गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान बाबूलाल रजक मसान बाबा के पास स्थित खेत में मौजूद थे। बारिश से बचने के लिए वे एक आम के पेड़ के नीचे खड़े हो गए, लेकिन दुर्भाग्यवश उसी पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर पड़ी। बिजली की सीधी चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और प्रशासन मौके पर पहुँचे। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर लाया गया है।



**जनता को मिली राहत, लेकिन छाया शोक–** पिछले कई दिनों से क्षेत्र में तापमान 44-45 डिग्री के आसपास बना हुआ था। शुक्रवार की बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी, लेकिन बिजली गिरने की यह घटना मानसून की शुरुआत को दुखद बना गई।

**मुआवजे की माँग–** स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से माँग की है कि मृतक के परिजनों को शीघ्र ही सरकारी आपदा राहत कोष से मुआवजा दिया जाए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आकाशीय बिजली से बचाव के लिए जागरूक किया जाए।








# सुनवानी थाना क्षेत्र में खुलेआम पुलिस की मौजूदगी में बिक रही है अवैध शराब

## उडला ग्राम में वाहन चेकिंग के नाम पर हो रही अवैध वसूली

अमानगंज।

पन्ना जिले में इन दिनों अंधेर नगरी चौपट राजा का राज चल रहा है और जिसकी लाठी उसकी भैंस की कहावत चरितार्थ हो रही है पन्ना में सिक्कों की खनक के आगे कानून के रखवाले अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे और आज की युवा पीढ़ी इस नशे की लत से लाचार, ताजा मामला पन्ना जिले के सुनवानी थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां सुनवानी थाना क्षेत्र में सब इंस्पेक्टर सरिता तिवारी की कार्य प्रणाली सन्देह के घेरे में देखी जा रही थाना क्षेत्र में लगातार अवैध शराब बिक्री की जा रही है तो वहीं दूसरी ओर पुलिस आरक्षक अवैध वसूली करने में लगे हैं, उडला ग्राम में वाहन चेकिंग के नाम पर कुछ लोगों का चालान काट कर खाना पूर्ति की जा रही है, जबकि दिनभर पुलिस स्टाफ द्वारा लोगों से अवैध वसूली की जा रही है, कई बार लोगों से अभद्र भाषा का प्रयोग करने की बात भी सामने आई। आदिवासी क्षेत्र होने की वजह से कई बार लोगों को धमकाया भी गया है लोगों की माने तो कहना यह तक है कि सुनवानी थाना क्षेत्र में लगातार गांव-गांव तक शराब पहुंचाई जा रही है पुलिस की मौजूदगी साफ देखी जा रही है पुलिस के जवान खड़े हुए हैं और शराब की दुकान पर लोगों का हुजूम लगा है जो नाबालिक शराब की दुकान पर खड़े देखे जा रहे हैं, तो महिला वहीं पास में नशे में चूर पड़ी है जहां दिनदहाड़े नाबालिक बच्चे भी शराब दुकान के पास देखे जा रहे हैं, जो नशे की लत से लाचार हो रहे। लोगों की माने तो सरिता तिवारी थाना प्रभारी सुनवानी की काम चोरी के चलते चलते गांव-गांव ठेकेदार के गुरगे अवैध शराब पहुंचा रहे हैं जिस पर कार्यवाही करने के बजाय पुलिस हाथ पैर हाथ रखे बैठी है।

### वाहन चेकिंग बनी मजाक, मुह देखी पंचायत कर रही सुनवानी पुलिस

इन दिनों दिन भर सुनवानी पुलिस वाहन चेकिंग के नाम पर लोगों को परेशान करती है अमानगंज किशुनगढ़ मुख्य सड़क मार्ग उडला ग्राम के पास पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग लगाई जाती है, जिसमें तीन-तीन सवारी सवार होने के बावजूद रसूखदारों को छोड़ने का काम सुनवानी पुलिस द्वारा किया जाता है तो वही गरीब और लाचार लोगों को चालानी कार्यवाही कर शासकीय कोटा एवं व अवैध वसूली कर अपनी जेब का कोटा भरा जा रहा है।

# टेक्निकल स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

## तहसीलदार अखिलेश प्रजापति और टी आई रोहित मिश्रा रहे विशिष्ट अतिथि

### डॉक्टर जितेंद्र खरे ने किया पुरस्कृत

पन्ना।



पन्ना के सिविल लाइन स्थित पॉलिटेक्निक ग्राउंड में पन्ना क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है जिसका शुभारंभ पन्ना टीआई रोहित मिश्रा और तहसीलदार अखिलेश प्रजापति ने किया पहले खिलाड़ियों ने अतिथियों का स्वागत किया और इसके बाद खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर अतिथियों ने टॉस फेक कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया इस टूर्नामेंट में पन्ना जिले की अमानगंज, पन्ना की अ, ठ टीम,छतरपुर, खजुराहो, राजनगर शाहित 6 टीम में हिस्सा ले रही हैं लेदर बॉल के इस टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच पन्ना की ए टीम और अमानगंज की टीम के बीच खेला गया जिसमें अमानगंज में टॉस जीतकर बॉलिंग की पन्ना की ए टीम ने बैटिंग करते हुए 136 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक 50 रन शुभ त्रिपाठी ने बनाये ओपनिंग जयराज सिंह और चिराग बागोरा ने की जिसमें जयराज सिंह ने 36 रन बनाकर आउट हुए , कुश अग्रवाल ने 20 रन जोड़े पूरी टीम ने चार विकेट पर 136 रन बनाए, लक्ष्य का सामना करने के लिए उतरी डायमंड क्रिकेट क्लब अमानगंज ने अच्छा खेल दिखाए पर पूरी टीम 115 रन के स्कोर पर आउट हो गई पन्ना की ओर से कुश अग्रवाल ने 2 और सक्षम विश्वकर्मा ने 2, प्रिंस पाठक ने एक और उमंग यादव ने 2 विकेट लिए और कैच पकडे, खिलाड़ियों में इतना उत्साह था कि 3 बजे से कड़ाके की धूप में सभी खिलाड़ी खेलने मैदान में उतरे मुख्य अतिथि रोहित मिश्रा जो क्रिकेट के अच्छे खिलाड़ी है ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी है और इन दिनों स्कूल भी बंद है लिहाजा छात्रों को मोबाइल पर समय बिताने के बजाय खेल के मैदान पर खेल में समय देना चाहिए रोहित मिश्रा ने कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ रहता है सर्वांगीण विकास होता है इस दौरान तहसीलदार अखिलेश प्रजापति ने कहा कि खेल बच्चों के लिए बहुत जरूरी है जो बच्चे खेल में आगे रहते हैं उन्हें समाज में भी अच्छा स्थान प्राप्त होता है, छात्रों को पढ़ाई के साथ खेल में रुचि लेनी चाहिए, तहसीलदार ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है छात्रों के अभिभावकों से भी अपील की की बच्चों को मोबाइल पर समय बिताने की बजाय खेल में समय देने के लिए उत्साहवर्धन करेंगे तो निश्चित ही अच्छे खिलाड़ी निकलेंगे और बच्चों का शरीर स्वस्थ रहेगा मैच के उपरांत शिशु रोग विशेषज्ञ जितेंद्र खरे ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया मैन ऑफ द मैच शुभ त्रिपाठी को मेडल और नगद राशि प्रदान की डॉक्टर जितेंद्र खरे ने कहा कि खेल जीवन के लिए बहुत जरूरी है जिससे शरीर मजबूत होता है जो खिलाड़ी होते हैं उन्हें बीमारियां भी नहीं लगती, इस टूर्नामेंट का स्पॉन्सर जीके सीमेंट है आयोजन पन्ना क्रिकेट अकादमी की टीम सोहेल खान, सूर्यकांत श्रीवास्तव, अंकित अवस्थी ने किया है, अंपायरिंग हर्ष गर्ग और राज परमार ने की इस दौरान प्रमुख रूप से केशवेंद्र सिंह परमार, जितेंद्र मिश्रा, मिक्की सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# कांग्रेस संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य पार्टी के मूल कार्य कर्ताओं का सम्मान बरकरार रखना है- केंद्रीय पर्यविक्षक श्री जनक

पन्ना।

देश तथा प्रदेश में कांग्रेस संगठन को बड़ी ही मजबूती के साथ खड़ा करना है एवं आम जनता की लड़ाई कांग्रेस पार्टी को लड़ना है इसी उद्देश्य से पूरे देश में कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठनसृजन अभियान कार्यक्रम बनाया गया है जिसमें प्रत्येक जिले के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं उसी कड़ी में पन्ना जिले के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में अमित सुभाष राव जनक विधायक मालेगांव महाराष्ट्रको नियुक्त किया गया है तथा उनके साथ प्रदेश पर्यवेक्षक के रूप में एन पी प्रजापति पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा प्रभारी पूर्व मंत्री सैयद अहमद भी साथ रहे। जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय पर्यवेक्षक श्री अमित सुभाष राव जनक ने कहां की सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करना है एवं देश तथा प्रदेश में भाजपा की जन विरोधी सरकार को आगामी चुनाव में उखाड़ फेंकना है इसके पूर्व हमें अपनी पार्टी के संगठन को मजबूत करना है प्रत्येक जिला तथा ब्लॉक एवं मंडलम स्तर पर पार्टी के कार्यकर्ता को पदाधिकारी की जिम्मेदारी देना है जिससे वह पार्टी के हित में



काम करें उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा आगामी चुनाव में संगठन चुनाव लड़ेगा व्यक्ति नहीं एक जुटता के साथ लड़ाई लड़ने से कोई भी लड़ाई जीती जा सकती है वर्तमान समय में महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर जिससे आम जनता परेशान है हमें जनता के साथ खड़े होकर जनता का साथ देना है जिस प्रकार हमारे नेता राहुल गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आम जनता के मुद्दों को लोकसभा तथा राज्यसभा में उठाकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया है इसी प्रकार हमें स्थानीय मुद्दों पर जनता का साथ देना है बैठक को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति पूर्व मंत्री सईद अहमद जिला शाह प्रभारी राजभान पटेल भूपेंद्र राहुल पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे पूर्व विधायक महेंद्र बागरी जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाजीत सिंह आदि ने भी संबोधित किया तत्पश्चात पन्ना ब्लॉक कांग्रेसके कार्यकर्ता अजयगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता धरमपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त करने को लेकर चर्चा की इसके पूर्व स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकारों को संबोधित किया कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में जिले भर से पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पन्ना विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी भारत मिलन पांडे गुनौर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जीवनलाल सिद्धार्थ कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र द्विवेदी पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल तिवारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजयगढ़ दादूराम पांडे देवेंद्र नगर आनंद शुक्ला गुनौर बबलू गौतम पन्ना अक्षय तिवारी अमानगंज भभूत सिंह राजपूत पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह परमार रामकिशोर मिश्रा राजेश तिवारी देवेंद्र सिंह यादव पुरुषोत्तम जड़यिा श्रीमती अनुराधा सेंड के मार्तंड देव बुंदेला अनीश खान राम बहादुर द्विवेदी पंडित छोटेलाल दुबे सेवालाल पटेल संजय पटेल जय किशोर कुशवाहा राहत अली रेहान मोहम्मद वैभव थापक राजबहादुर पटेल डॉ कदीरखान रामकरण पांडे हिम्मत बागड़ी रवि यादव जितेंद्र यादव राकेश शर्मा सौरभ पटेरिया स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी दीपक तिवारी मनीष मिश्रा पंडित विश्वनाथ जोशी शेख मोहम्मद वाहिरीलोधी गणेश त्रिपाठी राशिद सौदागर रामबाबू पटेल कमल राजपूत श्रेयांश पांडे रियासत खान राममिलन चौधरी सरदार यादव फैज मोहम्मद फैयाज मोहम्मद अनीश पिंटू सिद्दीकी अमित शर्मा सहित भारी संख्या में जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# अमानगंज में आउटरीच प्रोग्राम में पूर्व सैनिकों की समस्याओं का किया गया निराकरण

**अमानगंज।** गुरुवार शाम 4:00 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय छतरपुर एवं अभिलेख कार्यालय जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स के सहयोग से गुरूवार को पन्ना जिले के अमानगंज में पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण तथा दस्तावेजों में सुधार के लिए आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैप्टन राजेश कुमार, सूबेदार के.के. पंडित एवं हवलदार संदीप सहित जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर रामविशाल यादव, कल्याण संयोजक राकेश कुमार त्रिपाठी एवं लक्ष्वेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। अभिलेख कार्यालय द्वारा कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों सहित सैनिक विधवाओं की पेंशन, पीपीओ, नाम एवं जन्म तिथि सुधार इत्यादि की समस्याएं निराकृत की गई। इसी बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने साल और श्रीफल भेंट कर सैनिकों का सम्मान किया।

खबर संक्षेप

## ट्रेन के गेट पर खड़ा युवक नीचे गिरा, उंगलियां कटीं



छतरपुर। ईशानगर थाना क्षेत्र के पनौठा गांव का रहने वाला 24 वर्षीय कन्हैया पुत्र बेटू आदिवासी, मजदूरी के लिए दिल्ली जा रहा था। इसी दौरान उत्तरप्रदेश के ललितपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के गेट पर खड़े होने के दौरान उसे किसी का धक्का लग गया और वह नीचे जा गिरा। गिरने के बाद उसका हाथ, रेल के नीचे आ गया और उसकी उंगलियां कट गईं। ललितपुर में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। देर रात करीब 2 बजे उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उपचार चल रहा है।

## गालियों को लेकर अभी भी आक्रोशित है ब्राह्मण समाज



छतरपुर। जिले के नौगांव थाना क्षेत्र में पिछले दिनों एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उक्त घटना के विरोध में किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान एक व्यक्ति ने ब्राह्मण समाज को गालियां दे दी थीं, जिसका विरोध अब लगातार जारी है। सर्व ब्राह्मण कल्याण समिति ने शनिवार को गौरिहार में एकजुट होकर तहसील कार्यालय में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। समिति ने मांग की है कि गोली कांड में निष्पक्ष जांच की जाए। उन्होंने बताया कि फरियादी पक्ष ने प्रवीण पटैरिया के अलावा नवीन पटैरिया और रामसेवक अरजरिया के खिलाफ नौगांव थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है, जबकि नवीन और रामसेवक घटना के समय मौके पर मौजूद नहीं थे। समिति ने ब्राह्मण समाज के साथ सार्वजनिक रूप से की गई गाली-गलौज की निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## स्वर्गीय घस्सी बाई की स्मृति में आदरांजलि सभा आज

छतरपुर। राजनगर तहसील के ललपुर (घोड़ापुरवा) निवासी वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षक गनुवा प्रसाद अनुरागी की पत्नी स्वर्गीय घस्सी बाई के निधन के बाद आज 15 जून को उनकी स्मृति में आदरांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम खजुराहो होलीडे रिसॉर्ट में सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें क्षेत्र के बुद्धिजीवियों और सज्जनों को आमंत्रित किया गया है।स्वर्गीय घस्सी बाई का 10 जून 2025 को लंबी बीमारी के बाद नागपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया था। उनके पुत्र इंजी. धर्मेंद्र अनुरागी ने बताया कि आदरांजलि सभा में शांतिपाठ, गुरुवंदना, सत्संग और भोजनदान की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम सुबह से शाम तक चलेगा, जिसमें कबीर की शिक्षाओं से प्रेरित संत सुंदर जीवन से संबंधित विचार साझा करेंगे। घस्सी बाई के दो पुत्रों सहित बड़ा परिवार है, जिसमें एक पुत्र वर्तमान में सरपंच हैं।

### फिटनेस न होने के बाद भी सड़कों पर दौड़कर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहीं खटारा बसें

# कलेक्टर के आदेश के बाद भी नहीं थम रहा बसों में ओवर लोडिंग का सिलसिला

### जिन बसों को गैरिज में खड़ा होना चाहिए, लेकिन आरटीओ की मेहरवानी से सड़कों पर दौड कर सवारियाँ ढो रही

छतरपुर। आरटीओ और पुलिस विभाग की निष्क्रियता के चलते सड़को पर ओवरलोड बसें दौड रही है। कलेक्टर के निर्देश के बाबजूद भी बसों में सवारियों और लगेज की ओवर लोडिग का सिलसिला थमा नही है। जिससे आय दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कलेक्टर ने अभी बीते रोज बैठक में आरटीओ को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि बसों में हो रही ओवरलोडिंग और उनकी फिटनेस व अन्य दस्तावेजों की जांच कर कार्यवाही की जाए। कलेक्टर के इस निर्देश पर आरटीओ की टीम ने 1-2 दिन बसों की जांच का अभियान चलाकर कुछ जुर्माना बसूली किया और एक बस को जप्त कर जमकर बाहवाही लूटी। लेकिन इसके बाद से ही यह कार्यवाही कहां गुम हो गई, किसी को पता ही नही चल रहा। जिससे बेधडक होकर यह बसें सड़को पर दौड रही है। जिसमे सवारियों के साथ साथ समान की ओवरलोडिंग की जा रही है। लगेज के ओवरलोडिग में लम्बे टूर की बसों के मालिक प्रतिदिन एक चक्कर में हजारों रूपए कमा रहे है। लेकिन इससे हजारों की जीएसटी की भी चोरी हो रही है। और यात्रियों की जान जोखिम में हमेशा बनी रहती है।

### कैसे हो रही लगेज की ओवरलोडिंग

छतरपुर से लम्बे टूर में इदौर, भोपाल, दिल्ली, नोएडा, आदि के लिए चलने बाली बसें स्लीपर कोच जरूर है, लेकिन इन बसों के नीचे का हिस्सा पूरा खोखला कर दिया गया है। जिससे एक ट्रक के बराबर समान इन बसों में भर जाता है। जिस हिस्से में समान भरा जाता है उसके ऊपर बाले हिस्से में स्लीपर कोच होती है। जिसे यात्रियो को सफर के लिए एलाट किया जाता है। लेकिन जब यह बसे ओवरलोडिग होकर रवाना होती है, तो यात्री अपनी जान हथेली पर रखकर चलते है। क्योंकि कभी भी ओवरलोड बसें किसी भी घटना का शिकार हो सकती है। लगातार यह खबर शुर्खियों में आने के बाद भी ट्राफिक पुलिस और आरटीओ द्वारा लम्बे टूर पर चलने बाली स्लीपर कोच बसों को कभी चेक नही किया गया है। ट्राफिक और आरटीओ की उदासीनता के चलते ही इन स्लीपर कोच बसों में लगेज ढोकर सेल्सटैक्स ओर जीएसटी की चोरी की जा रही है। अगर ट्राफिक और आरटीओ द्वारा कडाई बढती जाए तो लगेज की ओवरलोडिग रूकने के साथ ही जीएसटी सेल्सटैक्स की चोरी भी रूक जाएगी। लेकिन ऐसा सभंव नही दिख रहा है, क्योंकि इसी बात की छूट देने के लिए इन दोनो ही विभागों का फीलगुड होता है।

### लोकल बसों की फिटनेस की समय पर नही हो रही जांच

जिले में लम्बे रूट की बसों के अलावा लोकल सड़क मार्गो पर भी बसें चल रही है, लेकिन इनमें से अधिकांश बसें ऐसी होती है। जिनके पास फिटनेस होता ही नही है, और फिर भी यह सवारियां ढोकड़ यात्रियो की जिदगीं से खिलवाड़ करती है। हालाकि जो लम्बे रूट पर बसें चल रही है। बह बसें बीआईपी जरूर होती है लेकिन लगेज के ओवरलोडिग के चलते इन बसों में हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। क्योंकि बस चालक समय कबर करने और रास्ते सवारिया लेने के चक्कर में बहुत ज्यादा स्पीड में बसे चलाते है, कई बार तो यह भी देखा है कि यात्रियों को हस्ताक्षेप भी करना पड़ता है। लोकल स्तर पर छतरपुर से बिजावर , जटांशकर, बड़ामलहरा, रामटौरिया, घुवारा, खजुराहो, राजनगर, हरपालपुर आदि स्थानों के लिए जो बसे चल रही है। उनमें से 25 प्रतिशत बसें ऐसी है, जो गैरिज में खड़े होने लायक है। लेकिन आरटीओ की मेहरवानी के चलते सड़को पर दौडकर सवारिया ढोकर बस मालिक की जेब भर रही है।

### त्योहारों पर लम्बे रूट की बसों पर 3-4 गुना हो जाता है किराया

जब भी कोई त्योहार आता है, तो उसके पहले और उसके बाद लम्बे रूट की चलने बाली बसों में किराया 3-4 गुना कर दिया जाता है। सबसे ज्यादा समस्या छतरपुर से भोपाल, इंदौर जबलपुर, कोटा, चलने बाली बसों में होती है। क्योंकि इन बसों में त्योहार के पहले छात्र अपने घर आते है, और प्योहार के बाद इन बसों मे छात्र अपने पढने बाले स्थान जाते है। कहने के लिए आनलाइन बुकिंग चल रही है और आनलाइन में रूटिन का किराया दिखाया जा रहा है, लेकिन जब भी त्योहार आते जाते है तो आनलाईन जो किराया दिख रहा है उसे नजर अंदाज करते हुए 3-4 गुना किराया बसूला जाता है। मजबूरी में लोग यह किराया देते भी है लेकिन शिकायत के बावजूद भी आरटीओ द्वारा कोई हस्ताक्षेप बस मालिकों के इस मनमाने रवेये पर नही किया जाता है। जिससे साल में पढने बाले अनेक त्योहारों पर यह मनमानी देखने को मिलती है।

### सुबह सुबह बस स्टैण्ड में जांच होने पर हो सकता है लगेज का खुलासा

दिल्ली, इंदौर और भोपाल की ओर से आने बाली यह बसें जब सुबह बस स्टैण्ड पर आती है। और सवारियां उतारने के बाद लगेज खाली किया जाता है, तो पता चलता है एक ट्रक से लगेज कम नही होता। अगर सेल टैक्स, जीएसटी, और आरटीओ विभाग के अधिकारी सुबह सुबह बस स्टैण्ड पहुँचकर इन बसों का नजारा दूर से देखे तो यह अधिकारी भौचक्के रह जाएगे। यह यात्री बसें है या मालवाहक बाहन। जब तक इस संबंध अधिकारियों द्वारा सख्त कार्यवाही नही की जाती है तो तब तक यात्री बसों में लगेज ढोने का सिललिला थमने बाला नही है। विभाग के अधिकारीयो और प्रशासन की नींद तभी खुलती है। जब इन बसों के द्वारा कोई बड़ा हादसा हो जाता है। शायद अधिकारी भी छतरपुर में किसी बड़े हादसे का इंतजार में अभी कार्यवाही नही कर रहें है।

## कपड़ा व्यापारी और ज्वैलर्स की दुकान में करीब 80 लाख की संपत्ति चोरी होने का दावा, जांच में जुटी पुलिस

बमीठा। कस्बे में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक कपड़ा व्यापारी और ज्वैलर्स की दुकान को निशाना बनाकर करीब 80 लाख रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने सुनियोजित तरीके से दोनों व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में सेंधमारी की, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश में छापेमारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बमीठा कस्बे में रात के समय चोरों ने कपड़ा व्यापारी सुनील उर्फ पन्नू जैन के घर और ज्वैलर्स नंदकिशोर सोनी की दुकान को निशाना बनाया। पन्नू जैन के घर से चोरों ने 40 से 50 तोला सोने के जेवर, 10 से 15 किलो चांदी के जेवर और ढाई लाख रुपये नकद चुराए हैं। वहीं नंदकिशोर सोनी की ज्वैलर्स दुकान में पीछे से घुसे और वहां से आभूषण चुराकर भाग निकले। चोरों ने सोनी की दुकान की ऊपरी मंजिल से पन्नू जैन के घर में प्रवेश किया। पन्नू जैन रात 12 बजे तक उसी कमरे में थे, लेकिन गर्मी के कारण सामने वाले कमरे में सोने चले गए। रात 1 से 2 बजे के बीच खटपट की आवाज सुनकर पन्नू जैन दो बार जागे और सड़क की ओर झांककर देखा, लेकिन कोई न दिखने पर फिर सो गए। कम से कम तीन चोरों ने पीछे के कमरे का दरवाजा बंद कर आराम से चोरी की और पीछे की सीढ़ियों से फरार हो गए। थाना प्रभारी अशतोष श्रोत्रिय पुलिस बल के साथ रात में ही मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।


# आपसी रंजिश में हुआ खूनी संघर्ष युवक के पैरों पर कुल्हाड़ी से वार



छतरपुर। चंदला थाना क्षेत्र के बिशना खेड़ा गांव में आपसी रंजिश के चलते एक ही परिवार में खूनी संघर्ष हो गया। चचेरे भाइयों ने मिलकर एक नवयुवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसके दोनों पैरों को बुरी तरह जख्मी कर दिया। इस सनसनीखेज वारदात से गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी है।घायल की मां ने बताया कि उनका 20 वर्षीय बेटा पप्पू राजपूत, शुक्रवार को बंजारी गांव से घर लौटा था। पुरानी रंजिश के चलते चचेरे भाई देशराज, संतराम, रमेश और रामखिलावन ने उसे दरवाजे से घसीटकर अपने घर के अंदर ले गए। वहां चारों ने मिलकर पप्पू की पिटाई की और कुल्हाड़ी से उसके दोनों पैरों पर वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। हमलावरों ने घायल पप्पू को दरवाजे के बाहर फेंक दिया। मां ने बताया कि कुछ वर्ष पहले आरोपियों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की थी, जिसकी रंजिश में यह हमला हुआ। सूचना मिलते ही चंदला पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को चंदला स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# वाणिज्य के दो शोधार्थी पीएससी द्वारा सहायक प्राध्यापक चयनित

### एमसीबीयू और वाणिज्य विभाग में खुशी की लहर, बधाइयों का तांता





छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी (एमसीबीयू), छतरपुर के वाणिज्य अध्ययनशाला और शोध केंद्र के दो मेधावी शोधार्थियों का मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (पीएससी) द्वारा वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक पद के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार और वाणिज्य विभाग ने दोनों चयनित शोधार्थियों को ढेर सारी बधाइयां और शुभकामनाएं दी हैं। शुक्रवार देर शाम पीएससी द्वारा जारी वाणिज्य सहायक प्राध्यापकों की चयन सूची में सुरुचि असाटी और सुरेश कुमार पटेल का नाम शामिल था, जिससे विश्वविद्यालय और उनके परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई। सुरुचि असाटी, बड़ामलहरा निवासी और सुंदरलाल असाटी व श्रीमती शशि असाटी की सुपुत्री, वर्तमान में वाणिज्य विभाग में अतिथि विद्वान के रूप में कार्यरत हैं और शोध केंद्र से पीएचडी कर रही हैं। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा महाराजा पीजी कॉलेज, छतरपुर से पूरी की। 120 अभ्यर्थियों की मुख्य चयन सूची में सुरुचि को 15वां स्थान प्राप्त हुआ। दूसरी ओर, सुरेश कुमार पटेल, पन्ना जिले के ग्राम नरदहा निवासी और श्री रणजीत सिंह पटेल व श्रीमती रामबाई पटेल के पुत्र, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ, भोपाल में लेखाधिकारी हैं। उन्होंने नवोदय विद्यालय, नौगांव से स्कूली शिक्षा और दिल्ली यूनिवर्सिटी से उच्च शिक्षा प्राप्त की। सुरेश को चयन सूची में पांचवां स्थान मिला। कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी, रजिस्ट्रार यशवंत सिंह पटेल, वाणिज्य विभाग की प्रभारी डीन डॉ. अर्चना जैन, विभागाध्यक्ष डॉ. प्रभा अग्रवाल, डॉ. बीके अग्रवाल, डॉ. ओपी अरजरिया, डॉ. सुमति प्रकाश जैन, डॉ. अशोक निगम, डॉ. नीतेश मिश्रा, संजय जैन, नीता अग्रवाल, रूपाली पंसारी, अविनाश साहनी, डॉ. अवंती पाठक, आशीष दीक्षित, आशीष रैकवार, अमित श्रीवास्तव, धीरेंद्र भारती, वर्षा राजपूत, धर्मेंद्र मिश्रा, गोसिया खातून, प्रभा परमार, उमा अहिरवार, महेंद्र रजक सहित अन्य ने दोनों शोधार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदाताओं का हुआ सम्मान



जिला अस्पताल और खजुराहो में लगाए गए रक्तदान शिविर

छतरपुर। शनिवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर छतरपुर जिला अस्पताल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग ने रक्तदान करने वाले डॉक्टरों, गणमान्य नागरिकों, महिलाओं और समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही जिला अस्पताल और पर्यट नगरी खजुराहो में रक्तदान शिविर भी लगाए गए, जिनमें लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। कार्यक्रम में रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया और इसके प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। जिला अस्पताल में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें युवाओं और महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। खजुराहो में भी रक्तदान शिविर में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। स्वास्थ्य विभाग ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह योगदान कई जिंदगियां बचा सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में रक्तदान को एक सामाजिक दायित्व के रूप में स्थापित करने का संदेश दिया गया।

# 27 जून से 1 जुलाई तक चलेगा श्री जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा महोत्सव

### आयोजन समिति ने पत्रकारवार्ता में दी आयोजन की जानकारी



छतरपुर। श्री श्री 1008 श्री लाल कड़क्का स्वामी जगन्नाथ यात्रा समिति के तहत छतरपुर में 27 जून से 1 जुलाई 2025 तक श्री जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। शनिवार को श्री लाल कड़क्का मंदिर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में समिति के अध्यक्ष मनीष दोसाज ने यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि रियासत काल से छतरपुर में स्वामी जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जा रही है, जो पहले छोटे स्वरूप में थी, लेकिन पिछले कई वर्षों से लाल कड़क्का रामलीला समिति के सहयोग से पुरानी तहसील प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। श्री दोसाज ने इस वर्ष के आयोजन का विवरण देते हुए बताया कि 27 जून को महाआरती और संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन होगा। 28 जून को शाम 8 बजे बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 29 जून को हनुत श्री मन्नत बाबा द्वारा महाआरती और आशीर्वचन के बाद अजय-विजय उरई और नीलम तिवारी के जवाबी कीर्तन का आयोजन होगा। 30 जून को बुंदेलखंड कोकिला और राष्ट्रपति से सम्मानित श्रीमती उर्मिला पाण्डेय के सान्निध्य में बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन संध्या होगी। समापन दिवस 1 जुलाई को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री विदाई आरती के लिए पधारेंगे। कार्यक्रम में इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा, टीकमगढ़ सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार, विधायक श्रीमती ललिता यादव, नगर की प्रथम नागरिक श्रीमती ज्योति सुरेंद्र चौरसिया सहित नगर के सभी राजनेता और गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। दोसाज ने पत्रकारों से सनातन परंपरा के इस आयोजन को अपनी लेखनी से और गौरवमयी बनाने की अपील की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संरक्षक प्रवीण गुप्ता, एड. नरेंद्र चतुर्वेदी, विकास चतुर्वेदी, मन्नू लाल बेलदार, डॉ. स्वतंत्र शर्मा, आनंद शर्मा और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## गांजा के साथ एक आरोपी को पुलिस ने दबोचा

छतरपुर। थाना सिविल लाइन पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सटई रोड गल्ला मंडी के पीछे रेलवे ब्रिज के पास 350 ग्राम से अधिक गांजा बरामद किया। इस कार्रवाई में एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि सटई रोड गल्ला मंडी के पीछे रेलवे ब्रिज के पास एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ के साथ मौजूद है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर संदेही की तलाशी ली, जिसमें पॉलिथीन में 350 ग्राम से अधिक गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में गांजा आपूर्ति के स्रोत के रूप में बादशाह पटेल, निवासी ग्राम मौराहा, का नाम सामने आया। पुलिस ने आरोपी संतु उर्फ संतोष पुत्र नाथूराम पटेल, निवासी ग्राम मौराहा थाना सिविल लाइन को गिरफ्तार कर लिया। उसके और फरार आरोपी बादशाह पटेल के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## हरपालपुर में अवैध गुटखा भंडारण पर प्रशासन का छापा, 11 पॉली बैग जब्त



### तहसीलदार, खाद्य अधिकारी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

हरपालपुर। नगर के वार्ड नंबर 3 में अवैध रूप से तंबाकू मिश्रित गुरु गुटखा के भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। बताया गया है कि मुखबिर की सूचना पर तहसीलदार रंजना यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी वंदना जैन और पुलिस की संयुक्त टीम ने अजय पुत्र रामपाल यादव के मकान पर छापा मारा, जहां से 11 पॉली बैग तंबाकू मिश्रित गुरु गुटखा बरामद हुआ। यह गुटखा नगर और आसपास के क्षेत्रों में बिक्री के लिए भंडारित किया जा रहा था। छापेमारी में राजस्व विभाग से तहसीलदार रंजना यादव, पटवारी टीम, खाद्य विभाग से वंदना जैन और पुलिस विभाग से सब इंस्पेक्टर अरविंद यादव, आरक्षक रामकिशोर, संदीप यादव और एक महिला आरक्षक शामिल थे। मकान मालिक रामपाल यादव ने बताया कि उन्होंने लगभग पांच-छह महीने पहले अपना मकान दुर्गा चौबे, निवासी पुरानी गल्ला मंडी, हरपालपुर को किराए पर दिया था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वंदना जैन ने दुर्गा चौबे से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनका फोन बंद होने के कारण सैंपलिंग नहीं हो सकी। बरामद गुटखा को दो बोरों में पैक कर पंचनामा बनाया गया और थाने में रखवा दिया गया।तहसीलदार रंजना यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की गई, जिसमें 11 पॉली बैग अवैध गुटखा बरामद हुआ। मालिक का फोन बंद था, इसलिए पंचनामा बनाकर अग्रिम कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया है। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी वंदना जैन ने बताया कि गुटखा मालिक की अनुपस्थिति के कारण सैंपलिंग नहीं हो सकी, और माल सील कर थाने में रखवाया गया है। दुर्गा चौबे के उपलब्ध होने पर सैंपलिंग की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, इस अवैध कारोबार में पिपरसानिया नामक व्यक्ति भी शामिल हो सकता है। रात अधिक होने के कारण लहचूरा रोड और हरिहर रोड पर अन्य संदिग्ध भंडारण स्थलों पर कार्रवाई नहीं हो सकी। प्रशासन ने इस मामले में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आगे की जांच शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप

## पारिवारिक विवाद से परेशान महिला कुएं में कूदी, मौत



**रीवा।** जिले के गढ़ थाना क्षेत्र के लालगांव चौकी अंतर्गत पताई गांव में बीती रात पारिवारिक कलह के बीच एक महिला अपने पति के साथ कुंए में कूद रही थी। महिला का 14 साल का बच्चा यह देख दोनों को बचाने का प्रयास किया, जिसमें पिता को तो वह बचा लिया लेकिन उसकी मॉ कुंए में कूद गई जिससे उसकी मौत हो गई। घटना बीती रात करीब 8 बजे के आसपास की बताई गई। बताया जा रहा है कि महिला का पति नेत्रहीन था, उसका सांश और देवरानी से विवाद चल रहा था। घटना में फूलकली साकेत पति राजनाथ साकेत 47 वर्ष की मौत हो गई। मृतका के पति राजनाथ साकेत ने बताया कि वह नेत्रहीन है उन्हें आंख से दिखाई नहीं देता मेरी पत्नी के चरित्र संदेह को लेकर परिवार के लोगों ने मारपीट की जिससे उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। बताया गया कि विवाद के बाद फूलकली अपने पति राजनाथ का हाथ पकड़कर कुएं की तरफ बढ़ी इसी बीच उसका 14 साल का बेटा शुभम साकेत दोनों को बचाने आगे बढ़ा जिसमे वह पिता को तो बचा लिया लेकिन उसकी मॉ मृतका फूलकली साकेत कुए में कूद गई। बताया गया कि मृतका दो बेटे पुणे में काम करते हैं जबकि पत्नी अपने नेत्रहीन पति के साथ घर में रहती थी। बीती शाम तकरीबन 7 बजे परिवार के कुछ लोग मृतिका फूलकली साकेत के साथ मारपीट कर रहे थे जिसमे बीज बचाव करने उसका पति राजनाथ साकेत आया। जिसके बाद क्रोध में आकर महिला ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। फिलहाल अब पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना के कारणों का पता लगा रही है।

## मैहर से दर्शन कर लौट रहा परिवार हादसे का शिकार



**रीवा।** मैहर स्थित मां शारदा के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। तेज रफ्तार में चल रही अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर एनएच-30 पर एक ब्रिज की रेलिंग से टकरा गई और कई बार पलटी खा गई। इस भीषण हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। कार में सवार सभी सदस्य उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के मठिया गांव के निवासी बताए जा रहे हैं, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ जब कार फोरलेन हाईवे पर अचानक डगमगाई और चालक का नियंत्रण वाहन से पूरी तरह छूट गया। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां सड़क की हालत बेहद खराब थी और यही दुर्घटना की मुख्य वजह मानी जा रही है। कार रेलिंग से टकराने के बाद कई बार पलटी, जिससे अंदर बैठे यात्रियों को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के तुरंत बाद वहां से गुजर रहे एसडीएम त्योथर ने मानवीय पहल करते हुए अपना वाहन रोका और तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए गंगेव अस्पताल भेजा गया, वहीं हालत गंभीर होने पर कुछ को संजय गांधी अस्पताल, रीवा रेफर किया गया। मृतक की पहचान राकेश गिरी (50 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मठिया भीखपुर, थाना बादशाहपुर, जिला जौनपुर के निवासी थे। उनकी पत्नी मंजू गिरी और दामाद अजय शंकर गिरी की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। वहीं, कार में सवार अन्य सदस्य निर्मला गिरी (70), प्रीति गिरी, रिसी गिरी, आकाश गिरी, अभि गिरी और शिवानी गिरी को भी चोटें आई हैं और वे चिकित्सकीय देखरेख में हैं। घटना की सूचना मिलते ही गढ़ थाना पुलिस और मनगवां एसडीओपी प्रतिभा शर्मा मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का जायजा लिया। प्राथमिक रिपोर्ट में सड़क की खराब हालत और तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सर्प-दंश से जन-सामान्य के बचाव के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी

# शासकीय अस्पतालों में एंटी-वेनम का किया जाएगा पर्याप्त भंडारण

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सर्पदंश के मामलों को गंभीरता से लेते हुए इसे स्थानीय आपदा घोषित किया है। पिछले वर्ष सर्प-दंश से 2500 से अधिक मौत हुई थी जिससे व्यापक जनहानि हुई थी। बारिश के मौसम में बढ़ने वाली इन घटनाओं की रोकथाम के लिए एक बहुआयामी रणनीति तैयार की है, जिसमें जनजागरूकता, आपातकालीन सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और निवारण संबंधी उपाय शामिल किए गए हैं। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया, रेडियो, होर्डिंग्स और प्रिंट मीडिया के जरिए सर्पदंश से बचाव और प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रसारित की जाएगी। स्कूलों और कॉलेजों में विशेष सत्र आयोजित कर विद्यार्थियों को इस खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक जिले में प्रशिक्षित 'सर्प मित्र' और 'स्नेक-कैचर्स' की तैनाती की जाएगी, जिनके हेल्पलाइन नंबर जनता को उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी-वेनम (विषनाशक दवा) का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाएगा। पीड़ितों को निकटतम चिकित्सा केन्द्र तक पहुँचाने की व्यवस्था को और सुचारू बनाया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। जनजागरूकता गतिविधि में ग्रामीणों को खेतों और जंगलों में काम करते समय मोटे जूते और दस्ताने पहनने की सलाह दी जाएगी। घरों के आसपास सफाई रखने, झाड़ियों को काटने और कूड़े के उचित निपटान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पशुपालकों को पशुशालाओं के आसपास बाड़ लगाने और पर्याप्त रोशनी का प्रबंध करने की सलाह दी गई है। पर्यटन स्थलों पर सर्प अधिकता क्षेत्रों को चिह्नित करने और चेतावनी बोर्ड लगाने का भी प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार ने इस अभियान के लिए प्रत्येक जिले को 23.17 लाख रुपये आवंटित किए हैं। बजट का उपयोग प्रशिक्षण, मॉक ड्रिल और जनजागरूकता कार्यक्रमों में किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनता से अपील की है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या देसी उपचार की बजाय तुरंत निकटतम अस्पताल पहुँचें, क्योंकि पहला एक घंटा 'गोल्डन आवर' यानि जीवनरक्षक होता है। साथ ही, सांपों को मारने या परेशान करने के बजाय उन्हें दूर भगाने के उपाय करने पर जोर दिया गया है। इस व्यापक अभियान से उम्मीद की जा रही है कि राज्य में सर्पदंश से होने वाली मौतों में उल्लेखनीय कमी आएगी।

## फर्जी अनुकंपा नियुक्तियों का पर्दाफाश, शिक्षा विभाग में जन जातीय वर्ग के नाम पर बड़ा खेल, पांच नए मामले उजागर

### एक साल में दो दर्जन नियुक्तियों की जांच में खुली पोल, जांच समिति गठित, एफआईआर दर्ज

**रीवा।** रीवा जिले में शिक्षा विभाग की अनुकंपा नियुक्तियों में सामने आया फर्जीवाड़ा अब धीरे-धीरे एक बड़े रैकेट का रूप लेता दिखाई दे रहा है। हाल ही में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा दो दिवसीय दस्तावेज सत्यापन अभियान के दौरान फर्जी अनुकंपा नियुक्ति के पांच नए मामले उजागर हुए हैं। इससे पहले भी इसी तरह का एक मामला सामने आ चुका है, जिसके बाद से पूरे प्रकरण की गहन जांच शुरू की गई थी, इन सभी मामलों में चौंकाने वाली समानता यह है कि लाभ उठाने वाले अभ्यर्थी एक ही समाज जनजातीय वर्ग से संबंध रखते हैं और अधिकांश नियुक्तियां भृत्य पद पर की गई हैं। पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि इन नियुक्तियों के पीछे एक संगठित गिरोह काम कर रहा है, जो मृत सरकारी कर्मचारियों के नाम पर कूटरचित दस्तावेज बनवाकर नियुक्तियां दिला रहा था। 9 और 10 जून को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अनुकंपा नियुक्तियों के दस्तावेजों की जांच के लिए सभी संबंधितों को बुलाया गया था। इस दौरान दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों के प्रमाणपत्रों का परीक्षण किया गया। तीन से चार सदस्यीय समिति ने दस्तावेजों की गहन पड़ताल की, जिसके बाद सामने आया कि बृजेश कुमार कोल के अलावा कम से कम पांच और लोगों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी नौकरी हथिया ली है, उल्लेखनीय है कि बृजेश कोल का मामला उसके नियुक्ति के कुछ ही सप्ताह बाद संदेह के घेरे में आ गया था, लेकिन इन नए मामलों में संबंधित व्यक्तियों को अब तक नियमित वेतन भी मिल रहा था। इससे विभाग की कार्यप्रणाली और निरीक्षण व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठते हैं।




#### पूरे मामले में एफआईआर दर्ज,

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीईओ सुदामालाल गुप्ता स्वयं सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ सिविल लाइन थाना पहुंचे और एफआईआर दर्ज कराई। पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता ने बताया कि इस फर्जीवाड़े के पीछे एक गिरोह की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है, जो खुद को विभाग का संपर्क सूत्र बताकर वर्षों से अनुकंपा नियुक्तियों के मामलों में मध्यस्थता करता रहा है। अब तक सामने आए फर्जी नियुक्तियों के जिन लोगों का फिर दर्ज कराई गई है उनमें बृजेश स्कूल सबसे पहले सामने आए जिसके बाद हीरामणि, विनय, ऊषा कोल, सुषमा कोल, ओमप्रकाश कोल, जैसे नाम प्रमुख हैं। सभी के दस्तावेजों की दोबारा जांच हो रही है, अभी आगे और भी नाम सामने आ सकते हैं वही पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है।

#### तीन सदस्यीय जांच समिति गठित, पुराने मामलों की भी होगी जांच

संभागीय संयुक्त संचालक (लोक शिक्षण) नीरव दीक्षित ने इस मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए बृजेश कोल की नियुक्ति सहित सभी फर्जी नियुक्तियों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है। इस समिति में वरिष्ठ प्राचार्य डॉ. पी.एल. मिश्रा, डॉ. आर.एन. पटेल और एक अनुभवी लिपिक को शामिल किया गया है।

#### नोडल अधिकारी पर कार्रवाई की तैयारी,कमिश्नर के पास पहुंचा निलंबन प्रस्ताव

जांच में सामने आया है कि दस्तावेज सत्यापन और नियुक्ति प्रक्रिया में नोडल अधिकारी की लापरवाही अथवा मिलीभगत रही है। इस आधार पर डीईओ कार्यालय ने संबंधित नोडल अधिकारी के खिलाफ कलेक्टर के माध्यम से कमिश्नर को निलंबन प्रस्ताव भेजा है। यदि आने वाले दिनों में पूर्व के वर्षों की भी जांच की गई तो तत्कालीन शिक्षा अधिकारियों, नियुक्ति कक्ष प्रभारी और अन्य लिपिकीय स्टाफ की भूमिका भी जांच के घेरे में आ सकती है।

#### जिला शिक्षा अधिकारी की भूमिका भी संदिग्ध


बता दें कि पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता की भी भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है, फर्जी नियुक्ति दस्तावेजों में मूल रूप से बीना जिला शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर के नियुक्त नहीं होती, सबसे बड़ा सवाल है कि जब नियुक्ति हुई तो दस्तावेजों की जांच पूर्ण रूप से जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा क्यों नहीं की गई, बता दे इनके कार्यकाल में तो अभी इतनी फर्जी नियुक्तियां निकलकर सामने आई है पूर्व में पदस्थ रहे जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा की गई नियुक्तियों की यदि जांच की जाए तो पता नहीं कितनी फर्जी नियुक्ति निकाल कर सामने आएगी।

## दलहन-तिलहन फसलों के साथ मोटे किस्म के अनाज उत्पादन के क्षेत्र विस्तार को प्राथमिकता दें - कमिश्नर

### उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार में कृषि व पशुपालन विभाग सहयोग करें

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने आगामी 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा रबी फसल की उपलब्धियों तथा खरीफ फसल की तैयारियों के संबंध में संभागीय बैठक की पूर्व तैयारी बैठक में समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दलहन-तिलहन के साथ मोटे किस्म के अनाज उत्पादन के क्षेत्र विस्तार को प्राथमिकता दें। साथ ही उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार में कृषि व पशुपालन विभाग समन्वय व सहयोग के साथ कार्य करे।

कमिश्नर ने कहा कि खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। रीवा संभाग में सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि हो रही है जिससे खेती के और अधिक बेहतर होने की संभावनाएं हैं। खेती को आधुनिक बनाने के लिए किसानों को उन्नत तकनीक के बारे में जानकारी दें। खेती के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्यपालन से कृषकों को जोड़कर उनके आर्थिक विकास में सहभागी बनें। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान में प्राप्त सुझावों को भी कार्ययोजना में शामिल करते हुए फसलवार वर्ष भर की कार्ययोजना तैयार करें। समन्वित प्रयासों से ही खेती व उससे संबद्ध अन्य गतिविधियों को शामिल कर किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सकता है। कमिश्नर



ने कहा कि किसानों को कृषि यंत्रों के उपयोग के लिए जागरूक करते हुए स्प्रिंकलर के माध्यम से सिंचाई सुविधाओं के लिए प्रेरित करें। गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर लाई वैल्यू क्रॉप को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बोये जाने वाले रकबे के अनुरूप प्रमाणित बीज की उपलब्धता का आकलन करें। नरवाई प्रबंधन के लिए किसानों को प्रेरित करें तथा मिट्टी परीक्षण के अनुरूप फसल उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि धान के स्थान पर मोटे अनाज के उत्पादन के लिए किसानों को जागरूक करते हुए इनके बाजार की उपलब्धता की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने ऊषा-16 अरहर किस्म के उत्पादन की सूची संकलित करने तथा पूर्ण पारदर्शिता के साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बीज वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर लगाकर किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने कहा कि संभाग में खेत तालाब व ग्रामीण तालाबों सहित सभी तालाबों को सूचीबद्ध कर 30 जून तक मत्स्यपालन विभाग को सूचना दें ताकि सभी तालाबों में मछलीपालन हो सके। उन्होंने केज कल्चर से मत्स्यपालन उत्पादन को बढ़ावा देने की बात भी कही। बैठक में कमिश्नर ने उद्यानिकी फसलों के विस्तार के लिए क्लस्टरवार कार्ययोजना बनाकर कार्य करने की बात कही तथा उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र की गिरदावरी कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कृषि उपज मण्डियों की ई मण्डी व्यवस्था तथा डेयरी विकास द्वारा दुग्ध उत्पादन के लिए किए जा रहे कार्यों का प्रस्तुतिकरण भी देखा। उन्होंने कहा कि आगामी 18 जून को आयोजित एपीसी बैठक में सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहें तथा संभागन्तर्गत जिलों में किए गए नवाचार व सफलता की कहानियों का प्रस्तुतिकरण वीडियो फिल्म के माध्यम से कराएं। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यपालन, डेयरी विकास, सहकारिता, मार्फेड सहित संबंधित विभागों के संभागीय अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण दिया। विभिन्न जिलों के कलेक्टर्स ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने विचार व सुझाव रखे तथा जानकारी प्रस्तुत की। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने जिलेवार जानकारी का प्रस्तुतीकरण किया।

## सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग रीवा का मॉडिफाई वाहनों पर चला सघन जांच अभियान

**रीवा। जिले में सड़क सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने आयुक्त नगर निगम रीवा के आदेशानुसार मॉडिफाई वाहनों के खिलाफ एक सघन जांच अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य उन वाहनों पर नकेल कसना था, जो अवैध रूप से मॉडिफाइड किए गए हैं और यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं। अभियान के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर परिवहन सुरक्षा स्कवाड़ रीवा ने जांच की , जिसमे वाहनों की तकनीकी स्थिति और दस्तावेजों की गहन जांच की। इस अभियान के तहत अवैध, अनधिकृत लाइट्स, और अन्य मॉडिफिकेशन वाले वाहनों पर विशेष ध्यान दिया गया।**

आरटीओ रीवा ने बताया की हमारा उद्देश्य न केवल नियमों का पालन सुनिश्चित करना है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करना भी है, जो अक्सर ऐसे वाहनों के कारण होती हैं। अभियान के पहले दिन ही चार वाहनों को जप्त भी किया गया। ऐसे वाहन तेज आवाज और खतरनाक ड्राइविंग के कारण आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनते हैं । परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को मोटरयान अधिनियम के अनुसार ही संशोधित करें और नियमों का पालन करें। विभाग ने यह भी घोषणा की कि इस तरह के अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे ताकि सड़कों पर अनुशासन और सुरक्षा बनी रहे।यह अभियान न केवल रीवा की सड़कों को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि अन्य जिलों के लिए भी एक प्रेरणा बन सकता है।

## खाद माफिया का भंडाफोड़, अवैध भंडारण से 1000 बोरी किया जब्त, तीन गिरफ्तार

#### यूपी-राजस्थान से हो रही थी सप्लाई

**रीवा।** जिले में नकली और अवैध रूप से सप्लाई हो रही रासायनिक खाद के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। जिला पुलिस और कृषि विभाग की संयुक्त कार्रवाई में सिरमौर इलाके में स्थित एक गोदाम से लगभग 1000 बोरी प्रतिबंधित खाद जब्त की गई है। इस कार्रवाई से खाद माफिया के उस गहरे नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जो अन्य राज्यों से अवैध खाद मंगवाकर किसानों की मजबूरी का फायदा उठा रहा था। बता दे चोरहटा पुलिस ने हाल ही में एक ट्रक को रोका था, जिसमें अवैध रूप से डीएपी, यूरिया और पोटाश लदी हुई थीं। प्रारंभिक जांच में जब खाद की रसीदें और वैध दस्तावेज नहीं मिले, तो वाहन जब्त कर चालक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में पता चला कि इस ट्रक की सप्लाई सिरमौर क्षेत्र के एक गोदाम में होनी थी। इस मामले में गिरफ्तार विकास गुप्ता नामक आरोपी ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि मनु ट्रेडर्स नामक प्रतिष्ठान, जिसका संचालन कृष्ण कुमार गुप्ता करता है, इस पूरे नेटवर्क का संचालन कर रहा है। यह गोदाम अवैध रूप से संचालित हो रहा था, जहां खाद का बड़ा स्टॉक जमा किया गया था। अब तक इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें ट्रक चालक, खाद सप्लायर और गोदाम संचालक शामिल हैं। तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है, जो सप्लाई चैन का हिस्सा हो सकते हैं।

#### दबिश में मिला भारी स्टॉक, नमूने भेजे गए लैब

एसपी विवेक सिंह के निर्देश पर राजस्व और कृषि विभाग की टीम के साथ चोरहटा पुलिस ने जब सिरमौर स्थित गोदाम पर छापा मारा, तो वहां बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित और संदिग्ध खाद की बोरियां पाई गईं। प्रारंभिक जांच में करीब 1000 बोरियां जब्त की गई हैं, जिनमें डीएपी, यूरिया और पोटाश शामिल हैं। विशेष बात यह रही कि कुछ बोरियों पर अलग-अलग कंपनियों के लेबल लगे हुए थे, जिससे यह संदेह और गहरा गया कि यह खाद नकली हो सकती है। संदेह के आधार पर खाद के नमूने जांच के लिए कृषि प्रयोगशाला भेजे गए हैं। लैब रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट होगा कि यह खाद किसानों की फसल के लिए सुरक्षित थी या नहीं।

#### किसानों को महंगे दामों पर बेची जा रही थी खाद

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि यह अवैध खाद सीधे किसानों को ऊंचे दामों पर बेची जा रही थी। बाजार में खाद की कमी और बढ़ती मांग का फायदा उठाते हुए गिरोह सक्रिय हुआ था। यूपी और राजस्थान से ट्रकों के जरिए अवैध खेप मंगाई जाती और स्थानीय गोदामों में जमा की जाती थी।

#### गढ़ में नकली खाद को लेकर दुकान सील, जांच जारी

किसानों को मिल रही मिलावटी और घटिया गुणवता की खाद की शिकायतों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गढ़ क्षेत्र की एक खाद दुकान पर छापा मार उसे सील कर दिया। यह कार्रवाई एसडीएम पीएस त्रिपाठी के नेतृत्व में कृषि, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। दुकान निरीक्षण के दौरान संचालक अनुपस्थित था और वैध दस्तावेज भी मौके पर उपलब्ध नहीं थे, जिसके चलते दुकान को सील किया गया। खाद के नमूनों की सैंपलिंग की गई, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। कार्रवाई में नायब तहसीलदार मनोज सिंह, कृषि एसडीओ रवि सिंह, थाना प्रभारी अवनीश पांडेय सहित प्रशासन और पुलिस के कई अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि अनियमितता पाई गई, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## रोजगार मेला महावीर आईटीआई रीवा में 16 जून को

**रीवा।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत महावीर आईटीआई रीवा में 16 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 12 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा (18-48 वर्ष) तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़, आमधनी प्रा. लि. एमआरएफ टायर्स गुजरात, अपोलो टायर्स याजाकी धूत ट्रांसमिशन गुजरात कंपनियां शामिल होंगी। रोजगार मेले में एल एण्ड टी कंस्ट्रक्शन कांचीपुरम, शक्ति पंप इंडिया लि. पीथमपुर धार, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा पुणे महाराष्ट्र, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस प्रा. लि. रीवा, ग्रेट आग्रेनिक डायमंड कंपनी लि. सागर तथा स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल की कंपनियां भी शामिल होंगी।

## मत्स्य आखेट पर लगी रोक: मऊगंज कलेक्टर ने 16 जून से 15 अगस्त तक जारी की अधिसूचना

**मऊगंज।** जिले में मत्स्य संसाधनों के संरक्षण एवं प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर द्वारा 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक के लिए मत्स्य आखेट (मछली पकड़ने) पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय से आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है।यह निर्णय मत्स्य (मछली) संरक्षण अधिनियम 1956 के तहत लिया गया है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि इस अवधि में नदियों, तालाबों, जलाशयों और अन्य जल स्त्रोतों से मछली पकड़ने, बेचने, परिवहन करने अथवा उसका संग्रहण भी पूरी तरह वर्जित रहेगा।



अधिसूचना के मुख्य बिंदु:
प्रतिबंध अवधि: 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक
लागू क्षेत्र: समस्त मऊगंज जिले के अंतर्गत समस्त प्राकृतिक व मानव निर्मित जल स्त्रोतनिषिद्ध
क्रियाएं: मछली पकड़ना, विक्रय, परिवहन, संग्रहण
उल्लंघन पर कार्रवाई: दोषी पाए जाने पर विधिसम्मत दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी कलेक्टर कार्यालय के अनुसार इस निर्णय का उद्देश्य मछलियों की प्रजनन अवधि के दौरान उन्हें संरक्षण प्रदान करना है ताकि जलस्त्रोतों में मछली की प्रजातियों की संख्या में गिरावट न हो और भविष्य में मत्स्य व्यवसाय में संलग्न लोगों को आर्थिक क्षति से बचाया जा सके।

जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इस अवधि में नियमों का पालन करें और मत्स्य संरक्षण में प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि अधिसूचना का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

## जिले में प्रतिबंध के बाद भी खुलेआम चल रही बोरिंग मशीनें



**मऊगंज।** जिले मे जल संकट और जल स्त्रोतों के गिरते जलस्तर के कारण जिला प्रशासन द्वारा एक निश्चित समय के लिए यानी अग्रिम आदेश तक नलकूप खनन में पूर्ण रूपेण प्रतिबंध लगाया गया है। और यह भी आदेशित किया गया है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राजस्व विभाग सहित पुलिस अमला नलकूप खनन जैसे कार्य में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें लेकिन सूत्रों की मानें तो मऊगंज कलेक्टर के आदेश को दरकिनार कर लिफाफे के दम खुलेआम नलकूप खनन करवा रहे हैं और इसी चंद कमाई के लिए स्थानीय जिम्मेदार अवैध उत्खनन में लगी बोरिंग मशीनो पर कार्यवाही करने के बजाय मशीन संचालकों को समय निहित कर बताते हैं कि अमुक समय में फला स्थान में बोरिंग की खुदाई करना। स्थानीय जिम्मेदारों द्वारा मिल रहे सहयोग के कारण बोरिंग मशीन संचालक दिन में तो यहां वहां अपनी बोरिंग मशीनें खड़ी करके रखते हैं और शाम ढलते ही चिन्हित स्थानों पर कमीशन के दम पर खुलेआम अवैध रूप से बोरिंग खनन कार्य में मशगूल है।